तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अशोक चौधरी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353264147155469	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14/05/25	अपीलार्थी अशोक चौधरी निवासी 157 बोयल मार्ग, ग्राम जालखा, पोस्ट सिलारी, वाया–भावी, तहसील पीपड़ सिटी ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.03.2025 को ग्राम रामासनी पटवार मण्डल रामासनी भू.अ.नि. क्षेत्र बाला तहसील बिलाडा जिला जोधपुर के खाता संख्या नया 62 व खाता संख्या पुराना 51 के खसरा संख्या 02 की वर्ष 1990 से दिनांक 10.02.2025 तक की जमाबंदियों की प्रमाणित छाया प्रतियां व अन्य बिन्दुओं से संबंधित के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.05.[illegible]:07:56 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15309326